पीपुल्स समाचार

इंदौर, सोमवार 22 फरवरी 2016

सायबर एक्सपर्ट से पुलिस अफसर सीखे हैकिंग

प्रदेश के 18 अफसर बने हैकर

आदेश प्रताप सिंह भदौरिया ● भोपाल
मोबाइल नं. 9826626483

मोबाइल, इंटरनेट, बैंकिंग फ्राड सहित सोशल मीडिया से जुड़े अपराधों से निपटने अब मप्र पुलिस खुद अपने सायबर एक्सपर्ट और हैकर तैयार कर रही है। हाल ही में इंदौर में दो सप्ताह की ट्रेनिंग के तहत 6 वीं नेशनल सायबर सिक्योरिटी कोर्स आयोजित किया गया। जिसमें राजधानी समेत मप्र व छग के 21 पुलिस अफसरों को विशेष ट्रेनिंग देकर सायबर हैकिंग और पासवर्ड क्रेकिंग जैसी एडवांस तकनीकी ज्ञान देकर उन्हें एक्सपर्ट बनाया गया है।

इन पुलिसकर्मियों को विशेष ट्रेनिंग देने वैभव सालुंके (पुणे), मोबाइल एक्सपर्ट रक्षित टंडन (दिल्ली), एसपी ईओडब्ल्यू उज्जैन जितेंद्र सिंह, एआईजी सायबर सेल विजय खत्री जैसे देशभर के विख्यात सायबर एक्सपर्ट को बुलाया गया था। प्रशिक्षु अफसरों को एटीएम फ्राड, बैंकिंग, फेसबुक-वाट्सअप सोशल मीडिया से जुड़े सायबर अपराधों की विवेचनाओं, साक्ष्य एकत्रित से लेकर अपराधियों द्वारा अपनाई जा रही नई और एडवांस तकनीकों की बारिकियों व्यवाहारिकताएं और प्रयोगात्मक तरीकों से भी समझाया गया। प्रदेश के प्रशिक्षु अफसरों को आतंकियों द्वारा भेजे जाने वाले संदेश को पढ़ना, साथ ही हैकिंग एक्सपर्ट की तरह गोपनीय मैसेजों को पढ़ना, संदेहियों की आईडी के पासवर्ड और हैकिंग बेव साइट्स के कोड वर्ड को क्रेक करने की नई तकनीकें सिखाई गईं। साथ ही सायबर क्राइम के पीड़ितों द्वारा बरती जाने वाली सावधानियों और तरीकों की तकनीकें बनाई गईं।

इन सायबर क्राइम से निपटेंगे पुलिस के एक्सपर्ट

- एटीएम फ्रॉड
- बैंकिंग फ्रॉड
- ई-मेल हैकिंग
- वाट्सअप हैकिंग
- फेसबुक हैकिंग
- कार्ड वर्ड ब्रेक
- पासवर्ड ब्रेक
- आईपी एर्डेस ट्रेस

ब्यूरो आफ पुलिस रिसर्च एंड डेव्लपमेंट (बीपीआरएंडडी) नईदिल्ली के सहयोग से अबतक 6 नेशनल सायबर सिक्योरिटी कोर्स आयोजित कराए जा चुके हैं। जिसमें हम अबतक 22 राज्यों के मिलिट्री, पैरामिल्ट्री व पुलिस अधिकारियों को सायबर अपराधों से निपटने के लिए प्रशिक्षित कर चुके हैं।

-वरुण कपूर, एडीजी व संचालक पीआरटीएस इंदौर